भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल
Website:www.bsgmp.net, E_mail:bsgmadhypradesh@gmail.com . Phone : 2661263, Fax: 2737446

## ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 वार्षिक समीक्षा बैठक दिनांक 6 व 7 अगस्त 2014
## (संभाग–भोपाल, होशंगाबाद, इन्दौर, उज्जैन)
## कार्यवाही विवरण

ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 6 अगस्त 2014 को प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें निम्न संगठन अधिकारी उपस्थित रहे–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनीता अंकुलनेरकर | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 2 | श्री प्रकाश दिसोरिया | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 3 | श्रीमती चन्द्रकांता उपाध्याय | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 इन्दौर |
| 4 | श्री बी0एल0 शर्मा | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0) संभा0कार्या0 भोपाल |
| 5 | श्री प्रमोद गंगराड़े | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0) संभा0कार्या0 उज्जैन |
| 6 | श्री उमेश श्रीवास्तव | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0होशंगाबाद |
| 7 | श्रीमती अनुभूतिसिंह | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला उज्जैन |
| 8 | श्री मनोज पटेल | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला उज्जैन |
| 9 | श्री राजेश मेवाड़े | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला भोपाल |
| 10 | श्री सुशील बिल्लोरे | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला रायसेन |
| 11 | श्रीमती अनीता सोनेवाने | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला विदिशा |
| 12 | श्री सुशील कुशवाह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला धार |
| 13 | श्री गणेश श्रीवास्तव | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला अलीराजपुर / बडवानी |
| 14 | श्री देवीसिंह ठाकुर | जिला सचिव जिला इन्दौर |

बैठक का प्रारंभ ईश–प्रार्थना के साथ किया गया तत्पश्चात् एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा सभी का स्वागत कर बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी, बैठक मे इन्दौर जिले के जिला सचिव को छोडकर किसी भी संभाग से कोई मानसेवी डी.ओ.सी. / सचिव / डी.टी.सी. सम्मिलित नही हुये। अतः ए.एस.ओ.सी. की कार्य क्षमता पर खेद व्यक्त किया गया। बैठक में ऐजेण्डा अनुसार निम्न विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई व निर्णय लिये गये –

## 1–युवा कार्यक्रम :–

1 **गत बैठक का संभागवार पालन प्रतिवेदन–**

अ– भोपाल, होशंगाबाद, इन्दौर संभाग द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया । उज्जैन संभाग द्वारा बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।

ब– चाही गई जानकारी भोपाल व होशंगाबाद द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई ।

**निर्णय**–सभी ने दिनांक 20 अगस्त 2014 तक पालन प्रतिवेदन भेजने का निर्णय लिया गया ।

2 **20 दलों की प्रस्तुतीकरण –**

1 सभी संभाग द्वारा 20 दलों की अपडेट सूची प्रस्तुत नहीं की । मार्च 2014 के दलों की यथावत स्थिति प्रस्तुत की गई जिस पर एस0ओ0सी0 स्काउट / गाइड द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया ।

**निर्णय**– सभी ने 20 अगस्त 2014 तक अपडेट सूची मय युवा व वयस्क एडवांसमेन्ट विवरण सहित सोफ्टकापी भेजने का निर्णय लिया गया ।

3 **दल गठन अभियान –**

दल गठन अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण जिसमें जिले में शास0 / अशास0 हाईस्कूल एवं उ0मा0वि0 की संख्यात्मक जानकारी बताई गई । माहवार दल गठन का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया ।

**निर्णय**–20 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र की पूर्तिकर भेजने हेतु निर्णय लिया गया ।

4 <u>माह अप्रेल 2014 से जुलाई 2014 तक के कार्यक्रमों की जानकारी :–</u>

अ– माह अप्रेल से जुलाई 2014 तक आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी निम्न संभाग/जिले से अप्राप्त है ।

संभाग स्तरीय कार्यक्रम संभाग होशंगाबाद, इन्दौर संभाग से अप्राप्त है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम –जिला राजगढ़, होशंगाबाद, हरदा, बैतूल, खरगौन, झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, जिलों से जानकारी अप्राप्त है । ए0एस0ओ0सी0 से विवरण पूर्ति हेतु कहा गया किन्तु जिन जिलों में प्रभारी नहीं है उन जिलों की जानकारी का अभाव रहा ।

ब– आयोजित कार्यक्रमों के विस्तृत प्रतिवेदन सभी संभाग/जिलों से समय सीमा में प्राप्त नहीं हुये है । मात्र सीहोर, धार उज्जैन, देवास से प्रतिवेदन प्राप्त हुये है ।

**निर्णय**–सभी के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जिलेवार जानकारी अनुसार प्रतिवेदन 30 अगस्त 2014 तक भेजने हेतु आश्वसन दिया गया ।

स– राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता –

अप्रेल से जुलाई 2014 तक राज्य स्तर पर 6 कार्यक्रम आयोजित हुये जिसमें भोपाल, सीहोर, इन्दौर जिलों को छोड़कर अधिकांश जिलों ने एक–दो कार्यक्रम में प्रतिभागिता की एवं जिला बैतूल, झाबुआ, बुरहानपुर, देवास, नीमच से निरंक प्रतिभागिता रही जो संबंधित ए0एस0ओ0सी0 के प्रति घोर उदासीनता प्रकट करती है जिसके लिये एस0ओ0सी0स्काउट द्वारा खेद व्यक्त किया एवं भविष्य में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया ।

5 **युवा प्रगति प्रशिक्षण पर चर्चा –**

अ– एस0ओ0सी0 स्काउट द्वारा विगत दो वर्षो के जिलेवार कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर की प्रगति प्रशिक्षण की स्थिति एवं माह अप्रेल से जुलाई 2014 तक आयोजित जांच शिविरों में जिलेवार प्रतिभागिता प्रस्तुत की गई ।

ब– गत वर्ष द्वितीयचरण–रजतपंख जांच एवं द्वितीय सोपान जांच शिविर जिला राजगढ़, झाबुआ, बुरहानुपर, हरदा में नहीं हुये है वहॉ भी विशेष प्रयास की आवश्यकता है। सभी संभाग में प्रवीण रोवर–रेंजर जांच शिविर एवं जिलों में प्रवीण रोवर–रेंजर का प्रशिक्षण शिविर नहीं किये जा रहे है जों खेद का विषय है ।

स– निपुण रोवर–रेंजर जांच शिविर में संभाग इन्दौर, होशंगाबाद, भोपाल व उज्जैन से प्रतिभागिता निरंक रहीं । राज्य पुरस्कार स्काउट–गाइड जांच शिविर में जिला राजगढ़, बैतूल, हरदा, झाबुआ, अलीराजपुर, बडवानी, खण्डवा, बुरहानुपर, खरगौन, उज्जैन, देवास, शाजापुर, मन्दसौर, नीमच से प्रतिभागिता नहीं हुई ।

6 **माह अगस्त 2014 से नवम्बर 2014 तक कार्ययोजना –**

एस0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड) द्वारा माह अगस्त से नवम्बर तक कार्यक्रम व योजना के अनुसार कार्यो की प्राथमिकताओं की प्रस्तुती दी । तदानुसार सभी ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 से माह अगस्त से नवम्बर 2014 तक की प्रस्तावित कार्ययोजना तैयार करायी गई।

ए0एस0ओ0सी0 स्काउट भोपाल द्वारा बैठक में प्रस्तावित 4 माह की कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं किया । उनके द्वारा कहा गया कि बाद में जमा कर देगें इस पर एस0ओ0सी0 स्काउट द्वारा उन्हें भविष्य के लिये सचेत होने का निर्देश दिया गया । संभाग होशंगाबाद, इन्दौर एवं उज्जैन का प्राप्त ।

भोपाल संभाग से जिला सीहोर, राजगढ की कार्ययोजना अप्राप्त।

इंदौर संभाग से जिला झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, खरगौन की कार्ययोजन अप्राप्त।

होशंगाबाद संभाग से होशंगाबाद, बैतूल, हरदा की कार्ययोजना अप्राप्त।

सभी ए.एस.ओ.सी. को उनके प्रभार जिलों की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये, मात्र उज्जैन संभाग ने कार्य योजना दी गयी, शेष तीनो ए.एस.ओ.सी. ने प्रस्तुत नही की।

**निर्देश** :–1 सभी जिलें के शेष रहें कार्यक्रमों का प्रतिवेदन, सूची एवं प्रस्तावित कार्ययोजना 20 अगस्त 2014 तक प्रेषित करेगें ।

2 संभाग स्तर पर प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता के प्रतिभागी दलों की बैठक अगस्त तक

आयोजित की जावे।

3 30 अगस्त 2014 तक प्रधानमंत्री/उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता की लॉगबुक, आदर्श दल लॉगबुक, स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता लॉगबुक, लक्ष्मीमजूमदार लॉगबुक राज्य मुख्यालय भोपाल में प्रेषित करें ।

4 द्वितीय सोपान/द्वितीयचरण–रजतपंख जांच शिविर जिले में होगा एवं पर्यवेक्षक ए0एस0ओ0सी0 रहेगें एंव पूर्ण रिकार्ड की जांच कर संतुष्ट होगें । एतद् विषय में प्रमाण–पत्र प्रमाणित करेगें ।

5 तृतीय सोपान/तृतीयचरण–स्वर्णपंख जांच शिविर संभाग स्तर पर होगें व राज्य मुख्यालय से पर्यवेक्षक नियुक्त किये जावेगें । जो शिविर संतोषप्रद रहा एतद् विषयक टीप प्रस्तुत करेगें ।

6 सभी स्काउट–गाइड के पास प्रत्येक स्तर के प्रमाण–पत्र व जांच पत्र में पूर्ति आवश्यक है ताकि उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व जांच में प्रस्तुत कर सके ।

7 माह अगस्त, सितम्बर 2014 में द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान जांच पूण करावे ताकि आगे का एडवांसमेन्ट आपेक्षित समय में पूर्ण हो सके ।

8 निपुण रोवर–रेंजर जांच शिविर नवम्बर 2014 में एक और आयोजित हो ताकि शेष रहे रोवर–रेंजर सम्मिलित हो सके ।

9 जिन जिलों में विगत 2 वर्षो से गुणात्मक स्थिति शुन्य है वहॉ विशेष प्रयास करें व कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करावें ।

10 प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सभी कार्यक्रम पूर्ण होना आवश्यक है ।

11 राज्य स्तर के कार्यक्रमों में सभी जिलों की प्रतिभागिता अनिवार्यतः पूर्ण करावें ।

12 प्रत्येक माह की 15 तारीख को उपस्थिति एवं 25 तारीख तक मासिक कार्य प्रतिवेदन, अनिवार्यतः प्रेषित करें ।

**कार्यवाही एस0ओ0सी0/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 2– वयस्क प्रशिक्षण (स्काउट/गाइड) :–

### 1 वयस्क प्रगतिशील प्रशिक्षण –

विगत दो वर्षो की जिलेवार बेसिक व एडवांस प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागिता प्रस्तुत की गई । साथ ही स्काउट विभाग में सामान्य सूचना शिविर प्रशिक्षण प्राप्त स्काउटर को बेसिक स्तर दोनों विभाग, बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त स्काउटर/गाइडर को एडवास स्तर तक लाने की स्थिति प्रस्तुत की गई ।

किसी भी संभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं की गयी है जो चिन्तनीय है ।

### 2 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में प्रतिभागिता –

राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में राजगढ, बैतूल, बुरहानुपर, अलीराजपुर, रतलाम, देवास, की प्रतिभागिता शुन्य नहीं ।

जिला विदिशा, हरदा, मन्दसौर, नीमच से मात्र एक–एक प्रतिभागिता रही ।

अ– हस्तकला/अभिरूचि शिविर में होशंगाबाद संभाग से निरंक, शेष संभागों से मात्र एक–एक जिले की प्रतिभागिता रही । ।

ब– डी0ओ0सी0/डी0टी0सी0/सचिव संगोष्ठी में जिला भोपाल, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, हरदा, बैतूल, बड़ंवानी, बुरहानपुर, अलीराजपुर, रतलाम, मन्दसौर, नीमच, देवास से प्रतिभागिता निरंक रहीं ।

स– प्राचार्य संगोष्ठी में जिला विदिशा, राजगढ़ होशंगाबाद, हरदा, बैतूल, इन्दौर, धार, झाबुआ, बड़वानी, बुरहानपुर, अलीराजपुर, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास से प्रतिभागिता निरंक रही, इस संबंध मे दिये गये स्पष्टीकरण का उत्तर भी अप्राप्त है।

द– कमिश्नर कान्फ्रेन्स में जिला शाजापुर, इन्दौर, भोपाल, रायसेन, सीहोर, से प्रतिभागिता रही शेष चारो संभाग से प्रतिभागिता निरंक रही ।

### 3 सामान्य सूचना शिविर –

भोपाल संभाग से जिला राजगढ़, होशंगाबाद संभाग पूरा, अलीराजपुर, बुरहानपुर, खण्डवा, उज्जैन, मन्दसौर, नीमच, शाजापुर, में सामान्य सूचना शिविर आयोजित नहीं किये गये है । शेष जिलों से आयोजित शिविरों का प्रतिवेदन अप्राप्त है ।

4 **वयस्क प्रशिक्षण (गाइड)** मे दिनॉक 30 जुलाई 2014 तक संभाग से आपेक्षित प्रतिभागियों की सूची प्राप्त होनी थी । किसी भी संभाग से समय पर सूची प्राप्त नहीं हुई है । बैठक में चर्चानुसार 20 से 26 अगस्त 2014 तक गांधीनगर भोपाल में प्रत्येक संभाग से रेंजर लीडर, गाइड केप्टिन, फ्लाक लीडर की प्रतिभागिता पूर्ण करायी जावेगी ।

इन्दौर, उज्जैन संभाग की सहमति पर दिनांक 1 से 7 सितम्बर 2014 तक कालाकुण्ड इन्दौर में बेसिक गाइड केप्टिन, फ्लाक लीडर प्रशिक्षण शिविर किया जावेगा ।

निर्णय व निर्देश :–

1 सामान्य सूचना शिविर प्रत्येक ब्लाक स्तर पर समय सीमा में करावें । जिसके संचालक एल. टी./ए0एल0टी0 स्काउट विभाग होगें । शिविर के प्रतिवेदन 30 अगस्त 2014 तक अनिवार्यतः प्रेषित करें ।

2 बेसिक कोर्स में प्रत्येक जिले की जिलेवार शतप्रतिशत प्रतिभागिता अनिवार्यतः सुनिश्चित करें ताकि लक्ष्य की पूर्ति हो सके ।

3 शिविरों में संचालक मण्डल की पूर्व से उपस्थिति सुनिश्चित करें ।

4 प्रशिक्षित स्काउटर–गाइडर के दलों की विजिट कर उन्हें वारंट व चार्टर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें ।

5 ऐसे जिले जहॉ से विगत वर्षो में प्रतिभागिता नहीं है उन जिलों पर विशेष जोर देकर प्रतिभागिता पूर्ण करावें ।

**कार्यवाही एस0टी0सी0/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 3– भंडार :–

सभी ए.एस.ओ.सी. व डी.ओ.सी. की भंडार शाखा मे स्टीकर, केलेण्डर व डायरी के विगत 03 वर्षो की राशि का प्रस्तुतिकरण किया गया।

1 डायरी, केलेण्डर की राशि मे उज्जैन संभाग द्वारा 21,000/– जमा की गई, जो जमा अंकित नही है।

2 स्टीकर राशि मे 12,500/– उज्जैन संभाग द्वारा प्रेषित किये, जो जमा अंकित नही है।

3 डी.ओ.सी. रायसेन को 2014–15 मे 25,656/– की सामग्री प्रेषित दर्शायी है, जो उन्हे सामग्री अप्राप्त है।

4 डी.ओ.सी. गाइड विदिशा द्वारा 53,000/– बैठक मे चैक द्वारा जमा कराये गये।

निर्देश :–

1 सभी ए.एस.ओ.सी./डी.ओ.सी. पूर्व जारी निर्देशानुसार प्रतिमाह भंडार की राशि न्युनतम राशि खाते मे रखकर शेष राशि जमा करेगें।

2 सभी यदि ई–बैंकिंग से खाते मे राशि जमा करते है, तो ई–मेल या मोबाईल पर तत्काल भंडार कक्ष को सूचित करें, ताकि राशि समायोजन हो सकें।

3 संभाग जिले के शिविरों मे मोबाईल शाप का संचालन करें।

4 मासिक प्रतिवेदन के साथ विक्रय सामग्री की जानकारी भी अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

5 स्टीकर की राशि 30 नवंबर 14 तक अनिवार्यतः प्रेषित करने की व्यवस्था करें।

6 विभिन्न प्रमाण पत्रों व रजिस्टर की मॉग 03 माह पूर्व अनिवार्यातः प्रेषित करें।

**कार्यवाही साज–सज्जा कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 4– पत्रिका :–

1 बालचर रवि पत्रिका की वार्षिक व साधारण सदस्यता की जिलेवार जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमे किसी भी जिले द्वारा लक्ष्य की पूर्ति नही की गई है।

2 माह अगस्त 13 मे निम्न माध्यम से विज्ञापन प्राप्त हुये थे, जिसकी राशि आज दिनॉक तक अप्राप्त है :–

अ श्री सुशील बिल्लौरे डी.ओ.सी. रायसेन – 19,000/–

ब श्री राजेश मेवाडे डी.ओ.सी. भोपाल – 3,500/–

दोनो के द्वारा 15 अगस्त 14 तक राशि जमा करने का कहा गया है, श्री गणेश श्रीवास्तव द्वारा 02 रसीद बुक आज दिनॉक तक जमा नही की है।

निर्देश :–

1 स्काउटर/गाइडर बैठक, संस्था प्रधान बैठक व शिविरों मे पत्रिका सदस्यता बनाकर 30 अगस्त 14 तक राशि मय पूर्ण पते के साथ प्रेषित करें।

2 प्रतिमाह एक हजार रूपये तक विज्ञापन मय राशि के उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3 पुराने रसीद बुक श्री गणेश श्रीवास्तव शीघ्र जमा करावें।

4 सभी जिले से समाचार व फोटो प्रेषित करें।

**कार्यवाही पत्रिका कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 5– दल पंजीयन :–

दल पंजीयन मे संशोधित लक्ष्य का प्रस्तुतिकरण किया, साथ ही 03 वर्षो की लंबित शेष राशि की जानकारी दी गई, जिन जिलो की 2013–14 मे राशि प्राप्त नही है, वे इस प्रकार है :–

1 राजगढ, होशंगाबाद व बैतुल से कम राशि प्राप्त है।

2 इन्दौर संभाग मे इन्दौर को छोडकर शेष पूर्ण संभाग की राशि अप्राप्त है।

3 उज्जैन संभाग मे उज्जैन छोडकर शेष पूर्ण संभाग की राशि अप्राप्त है।

4 इन्दौर संभाग द्वारा बताया कि आ.वि. विभाग मे राशि प्रदाय करने के आदेश अपेक्षित है, इसके अभाव मे जिले द्वारा राशि नही दी जा रही है, इस पर एस.ओ.सी. स्का0 ने कहा कि विभागीय स्तर पर कार्यवाही की जा रही है, यथा शीघ्र आदेश जारी हो जावेगें।

निर्देश :–

1 सभी जिलो से दल पंजीयन राशि मय गणना व सूची के इस माह तक प्रेषित करें।

2 सत्र 2014–15 की राशि मय सूची के माह दिसंबर 14 तक अनिवार्यतः प्रेषित करें।

**कार्यवाही पंजीयन कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 6– लेखा शाखा :–

लेखा शाखा मे प्रायः संभाग व जिलो द्वारा अपेक्षित जानकारी आय–व्यय पत्रक, प्रतिवेदन, यात्रा बिल निर्धारित व आवश्यक प्रतिपूर्ति के प्रेषित नही किये जा रहे है। अतः निम्न निर्देश दिये गये :–

निर्देश :–

1 संभागीय कार्यालय मासिक आय–व्यय पत्रक पूर्ण विवरण के साथ प्रति माह 05 तारीख तक प्रस्तुत करें।

2 शिविर प्रतिवेदन निर्धारित व आवश्यक प्रतिपूर्ति के साथ 15 दिवस मे राज्य मुख्यालय मे प्राप्त हो जाने चाहिये एवं हिसाब का समायोजन करावे।

3 अंकेक्षण की कंडिका निराकरण अनिवार्यतः करावें।

**कार्यवाही लेखा कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 7– निर्वाचन :–

राजगढ, बैतूल, धार, अलीराजपु, झाबुआ, खंडवा, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, नीमच मे विगत वर्षो से निरंतर पत्राचार पश्चात भी निर्वाचन नही कराये जा रहे है, इसी प्रकार ब्लाक संघ तदर्थ समिति गठन भी निरंतर निर्देश दिये जाने के पश्चात भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

निर्देश :–

1 सभी जिलो मे समय सीमा मे निर्वाचन करावें।

2 ब्लाक संघ हेतु तदर्थ समिति का गठन माह सितंबर 14 तक पूर्ण कराकर राज्य मुख्यालय को अवगत करावें।

3 जिलो के निर्वाचन पश्चात संबंधित के वारंट की कार्यवाही पूर्ण करें, ताकि कमिश्नर्स प्रशिक्षण मे संबंधित को भेजा जा सकें।

**कार्यवाही निर्वाचन कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## 8– वारंट व चार्टर :–

जिलेवार वारंट की स्थिति से अवगत कराया गया एवं संभाग द्वारा जिन जिलों को चार्टर जारी नही किये गये, उनमे भोपाल व इन्दौर संभाग के सीहोर, राजगढ, रायसेन, इन्दौर जिले को छोडकर पूरे जिले एवं पूरा होशंगाबाद संभाग मे चार्टर जारी नही किये गये, उज्जैन संभाग मे चार्टर जारी हो रहे है, जानकारी प्रस्तुत नही की गई।

निर्देश :–

1 पंजीयन राशि के साथ प्राप्त सूची अनुसार 01 माह मे चार्टर जारी करें एवं सूची राज्य मुख्यालय भोपाल को भी साफ्ट कॉपी ई–मेल द्वारा प्रेषित करें एवं रिकार्ड संधारित करें।

2 रिकार्ड अनुसार पुराने दलों के चार्टर का नवीनीकरण करें।

3 वारंट फार्म पूर्णतः चैक करके अग्रेषित करें एवं समय पर वारंट उपलब्ध करावे, ताकि युवा व वयस्क प्रगति प्रशिक्षण पूर्ण हो सकें।

4 वारंट व पंजीयन फार्म पर जिला कमिश्नर स्काउट/गाइड के हस्ताक्षर अनिवार्यतः करावें।

## 9– ग्रेडिंग :–

गत वर्ष की ग्रेडिंग के साथ 03 वर्षो की तुलनात्मक स्थिति से जिले को अवगत कराया गया, साथ ही 06 माही ग्रेडिंग के विषय भी बताये गये।

निर्देश :–

1 समय पर माह सितंबर 14 तक के कार्य संपन्न करावे एवं प्रतिवेदन प्रेषित करें।

2 30 सितंबर 14 तक प्राप्त प्रतिवेदन ही ग्रेडिंग मे सम्मिलित किये जावेगें।

3 सभी जिलों के प्रतिवेदन प्रेषण का दायित्व डी.ओ.सी. का एवं जहॉ डी.ओ.सी. नही है, वहॉ पर ए.एस.ओ.सी. का रहेगा।

## 10– राष्ट्रीय जम्बूरी जयपुर :–

जम्बूरी जयपुर की परिवर्तित तिथि दिनॉक 03 से 09 जनवरी 2015 से अवगत करावे, साथ ही गत बैठक व पत्रों मे दिये निर्देशानुसार जम्बूरी हेतु चयन करके पंजीयन राशि राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें।

निर्देश :–

1 दिनॉक 30 अगस्त 14 तक जम्बूरी हेतु चयनित सूची के साथ जम्बूरी शुल्क प्रेषित करें एवं प्रतिक्षा सूची भी तैयार रखे।

2 निर्धारित कोटा के अतिरिक्त स्काउटर/गाइडर, रोवर/रेंजर सम्मिलित नही होगें।

3 चयनित प्रतिभागियों को तृतीय सोपान/शिविर कला का अभ्यास करावें, ताकि जम्बूरी मे प्रत्येक टेन्ट का उत्तम प्रदर्शन हो सकें।

4 जम्बूरी पूर्व प्रतिभागियों की 02 जोडी नवीन युनिफार्म मय बैज आदि के साथ शिविर कला व प्रतियोगिता प्रदर्शनी आदि की पूर्ण सामग्री की तैयारी कराकर, इस कार्यालय को 30 सितंबर 14 तक अवगत करावें।

5 विशेष कार्यक्रम जैसे लोकनृत्य, बैण्ड, स्किल ओ रामा, आदि के लिये अतिरिक्त कोटा दिया जा सकता है, किन्तु इसके पूर्व दल का चयन हेतु प्रदर्शन आवश्यक है, मानक स्तर पर होने पर ही अतिरिक्त कोटा प्रदाय किया जावेगा।

6 अतिरिक्त कोटा के प्रतिभागियों को भी स्का0/गा0 की पात्रता व प्रशिक्षण समय सीमा मे पूर्ण कराना है, ताकि वे भी शिविर कला व अन्य कार्यक्रमों मे भाग ले सकें।

**बैठक समाप्ति पूर्व सदस्यों द्वारा निम्न समस्याऐं रखी गई :–**

इन्दौर संभाग :–

1 आदेश के अभाव मे ए.एस.ओ.सी. का चार्ज हस्तांतरण नही हुआ है।

2 विगत 02 माह का वेतन लंबित है, अतः वेतन तथा यात्रा अग्रिम प्राप्त न होने पर कोई दौरा नही किया जा सकेगा।

3 कार्यालय भवन अत्यंत क्षतिग्रस्त है, 03 महिलाएॅ है वहॉ मूलभूत सुविधाऐं भी नही है।

4 मौखिक निर्देश पर श्री गणेश श्रीवास्तव बडवानी जिले मे कार्य कर रहे है, किन्तु आदेश अप्राप्त है।

होशंगाबाद संभाग :—

1 कार्यालय हेतु भृत्य व चौकीदार का अभाव है।

2 03 कार्यालय सहायक है, जो आवश्यकता से अधिक है।

3 जामठी प्रशिक्षण केन्द्र पर वार्डन की आवश्यकता है।

उज्जैन संभाग :—

1 प्रशिक्षण केन्द्र अमलेटा व चन्द्रकेशर बॉध पर वार्डन/चौकीदार की आवश्यकता है।

2 कार्यालय के भवन रिपेयरिंग व्यय की स्वीकृति आज दिनॉक तक अप्राप्त है।

श्री प्रकाश दिसोरिया एस.ओ.सी. (स्का0) द्वारा उक्त समस्याऐं राज्य सचिव महोदय के समक्ष रखने एवं समाधान कार्यवाही हेतु कहा गया, साथ ही निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमों मे आपके द्वारा जो समय सीमा व प्रतिभागिता का आश्वासन दिया है, उसे हर संभव पूर्ण करें।

अंत मे श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर एस.ओ.सी. (गा0) द्वारा लक्ष्य पूर्ति की अपेक्षा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया व बैठक सआनंद संपन्न हुई।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0/10598/रामु/ समीक्षा बैठक/2014 भोपाल, दिनांक 14/8/2014

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु—

1. माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. राज्य संगठन/ प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) संभाग/जिला मुख्यालय ..........................................(म0प्र0) की ओर भेजकर निर्देश है कि उपरोक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार आवश्यक जानकारी/पालन प्रतिवेदन भेजे ।
5. समस्त शाखा प्रभारी ....................................राज्य मुख्यालय भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश